तापमान

अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 कुरुद में शिक्षा विकास की नई नींव : 25 हजार वर्गफीट में ...





14 एक सप्ताह में न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार ने दी ...




## खबर संक्षेप

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 7 को

**धमतरी।** जिला कोसरिया यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक 7 जून रविवार को कुरूद ब्लाक के ग्राम चरमुड़िया में सामाजिक भवन में आयोजित की गई है। बैठक में सामाजिक बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। जिला सचिव रामेश्वर यादव ने बताया कि जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष जोहन सिंग यादव के निर्देशानुसार रखी गई है। बैठक में समाज भवन के लिए स्थान चयन, संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा सामाजिक सहयोग राशि ब्लाक अध्यक्षों द्वारा जमा कराने के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय पर गहन चर्चा होगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 जून को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, अरूण कुमार गौर ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

### सतनामी समाज की ब्लॉक स्तरीय बैठक 7 को देवपुर में

**नगरी।** सतनामी समाज विकासखंड नगरी की ब्लॉक स्तरीय बैठक 7 जून को ग्राम देवपुर स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। सतनामी समाज नगरी के अध्यक्ष विष्णु कुमार टंडन, सचिव डॉ. घनानंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष भगत मन्हरे, उपाध्यक्ष योगेश भट्ट, नंदलाल कश्यप तथा मीडिया प्रभारी चैन सिंह गहने ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकता, आपसी समन्वय तथा समाज के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करना है। समाज हित में आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

- सामाजिक एकता और संगठन मजबूती पर होगी चर्चा

### कोर्रा में महा मैराथन दौड़ 14 को

**कोर्रा(भखारा)।** डीजी ट्रेनिंग एकेडमी द्वारा महा मैराथन दौड़ का आयोजन 14 जून को सुबह 6 बजे से स्कूल ग्राउंड कोर्रा में किया गया है। प्रतियोगिता 8 किलोमीटर ओपन वर्ग में होगी। प्रवेश शुल्क 250 रुपये है।

### दावा-आपत्ति 15 जून तक मंगाई गई

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत आमापारा वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 में सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन कर अनंतिम योग्यता सूची जारी कर दी गई है। उक्त सूची को नगरपालिक निगम धमतरी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी और संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में चस्पा किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उक्त सूची में आगामी 15 जून तक दावा-आपत्ति ई-भर्ती पोर्टल यूआरएल पर ऑनलाइन प्रस्तुत किया जा सकता है। दावा-आपत्ति के संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए कलेक्टोरेट के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद मिले दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# ड्रीम कॉरिडोर से बदलेगी धमतरी की तस्वीर, उद्योग-पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री के धमतरी प्रवास के दौरान जिले को विकास और निवेश की बड़ी सौगात मिली। सुशासन तिहार-2026 के मंच से मुख्यमंत्री ने धमतरी ड्रीम कॉरिडोर की शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री वीडियो का विमोचन किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के जरिए जिले में करीब 5 हजार करोड़ रुपए के संभावित निवेश और 6 हजार से अधिक रोजगार के अवसर तैयार होने की संभावना जताई गई है।

प्रशासन का दावा है कि यह परियोजना धमतरी को औद्योगिक, कृषि आधारित व्यवसाय और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धमतरी ड्रीम कॉरिडोर केवल एक अधोसंरचना परियोजना नहीं, बल्कि राज्य के विकास विजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ तेजी से औद्योगिक और आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

परियोजना के तहत जिले में मॉडर्न इंडस्ट्रियल साइट्स, औद्योगिक क्लस्टर और अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। पशुपति फीड, गणेश गुलाल, फायर वर्क, खादी उद्योग, सीड एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स ▶▶ शेष पेज 10 पर

## 5 हजार करोड़ निवेश और 6 हजार रोजगार की उम्मीद

### पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान

स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बीपीओ सेंटर, को-वर्किंग स्पेस और स्किल डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत भी की जा रही है। उद्योगों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए सौर ऊर्जा, बायोगैस प्लांट और पर्यावरण आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने की योजना बनाई गई है।



### रेल सेवा शुरू होने से व्यापार और माल परिवहन को मजबूती मिली

धमतरी की सड़क, रेल और हवाई संपर्क व्यवस्था को भी इस परियोजना का बड़ा आधार माना जा रहा है। भारतमाला परियोजना के तहत विकसित हो रही सड़कें जिले को अन्य राज्यों से जोड़ रही हैं। रेल सेवा शुरू होने से व्यापार और माल परिवहन को मजबूती मिली है, वहीं रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की निकटता निवेशकों के लिए धमतरी को सुविधाजनक बना रही है।

---

विश्व पर्यावरण दिवस पर यूएसटीआर ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

# 573 करोड़ की अतिक्रमित वनभूमि मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- दुर्लभ प्रजाति के पशु-पक्षियों की वापसी

विश्व पर्यावरण दिवस पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने पिछले 4 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया है जिसमें 2500 एकड़ वन भूमि से अतिक्रमण हटाने, 500 से अधिक शिकारी तस्कर के खिलाफ कार्रवाई, दुर्लभ प्रजाति के पशु-पक्षियों की संख्या में वृद्धि सहित मानव वन्य प्राणी द्वंद्व में भारी कमी का जिक्र है।

टाइगर रिजर्व से मिली जानकारी के अनुसार हाल के वर्षों में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में मालाबार पाइड हार्नबिल, भारतीय विशाल गिलहटी, भारतीय उड़न गिलहरी, भारतीय स्वर्ग पक्षी इंडियन पिट्टा तथा ट्राइकारिनेट हिल टर्टल जैसे महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ प्रजाति नियमित दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि मालाबार पाइड हार्नबिल पश्चिमी घाट तथा हिमालय क्षेत्र से जुड़ा माना जाता है। वहीं तीन धारी वाला कछुआ हिमालयी एवं पूर्वोत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में पाया जाता है। इन प्रजातियों की मौजूदगी यूएसटीआर के समृद्ध होते वन परिक्षेत्र का संकेत है।



### सफलता के पीछे 4 साल का व्यापक अभियान



चार साल की अवधि में टाइगर रिजर्व के कोर एवं बफर क्षेत्र में 956 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाया गया जिसकी अनुमानित नेट प्रेजेंट वैल्यू 573 करोड़ रूपये है। इससे वन्य जीवों के लिए बड़े एवं अविच्छिन्न आवास पुनर्स्थापित हुए हैं। साथ ही विशेष एंटी पोचिंग अभियान के माध्यम से 500 से अधिक शिकारियों वन्य तस्करों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तयों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वन्य जीवों को सुरक्षित वातावरण प्राप्त हुआ है।

### जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इस बात का उदाहरण बनकर उभर रहा है कि अतिक्रमण मुक्त कर पुनर्जीवित किए गए वन बाघों, हार्नबिल, उड़न गिलहरी, पैंगोलिन जैसे दुर्लभ जीवों के लिए सुरक्षित आवास बनाते हैं। बल्कि पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करने, कार्बन, उत्सर्जन को संतुलित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वास्थ्य पर्यावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बाघ गणना के दौरान दुर्लभ वन्य जीव दिखे



अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के दौरान दुर्लभ वन्य जीवों की उपस्थिति दर्ज की गई है, जिसमें माउस डियर, स्मॉल, क्लॉड ऑटर, यूरेशियन ऑटर तथा पैंगोलिन शामिल है। विशेष रूप से पैंगोलिन का कैमरा ट्रैप में पहली बार दर्ज होना छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### समुदाय भी अभियान में सहभागी बना



हार्नबिल संरक्षण के लिए शुरू किए गए हार्नबिल रेस्टारेंट पहल के तहत स्थानीय समुदायों एवं वन विभाग ने फलदार देसी पौधों का रोपण एवं संरक्षण किया जिससे हार्नबिल को वर्ष भर भोजन उपलब्ध होगा। इसी प्रकार बेविंग 4 कनोपी कवर अभियान के माध्यम से पौधरोपण एवं आवास पुनर्स्थापन कार्य किए जा रहे है जो वृक्षों के बीच प्राकृतिक संपर्क बढ़ाकर भयभीत विशाल गिलहरी एवं उड़न गिलहरी जैसी वृक्षवासी प्रजातियों की आवाजाही को सुरक्षित बनाते हैं। इस पहल में सबसे बड़ी विशेषता स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। वन सुरक्षा समितियों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्वसहायता समूह एवं स्थानीय विद्यालयों ने पौध रोपण, वन्य जीव निगरानी, अग्नि नियंत्रण, घोंसला संरक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# छोटे-छोटे पक्षियों ने बड़े शिकारी पक्षी को खदेड़ा



- वीडियो वायरल, जंगल में दिखा प्रकृति का अद्भुत नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्य जीवों की दुनिया का एक बेहद रोचक और दुर्लभ नजारा सामने आया है। दक्षिण उदंती के घने जंगल में छोटे पक्षियों द्वारा अपने घोंसलों एवं बच्चों की रक्षा के लिए एक शिकारी पक्षी को खदेड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में खूब चर्चा बटोर रहा है।

टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरूण जैन ने एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा करते हुए बताया कि जंगल में Indian Paradise Flycatcher औरWhite browed Fantail ने अपने घोंसलों, अंडों और बच्चों की सुरक्षा के लिए एक Crested serpent eagle पर लगातार चोंच से हमला किया। वीडियो में दिख रहा है कि छोटे-छोटे पक्षी चील के सिर और पीठ पर बार-बार चोंच से प्रहार कर उसे अपने क्षेत्र से दूर भगाने का प्रयास कर रहे हैं।

वन्य जीव विशेषज्ञों के अनुसार पक्षियों की इस साहसिक, संगठित और आक्रामक रक्षात्मक व्यवहार को मॉबिंग कहा जाता है। जब किसी शिकार पक्षी या जीव से घोंसले और बच्चों को खतरा महसूस होता है तब कई छोटे-छोटे पक्षी मिलकर उसे परेशान करते हैं और अपने क्षेत्र से खदेड़ देते हैं। यह प्रकृति की अद्भुत रक्षा नीति मानी जाती है। अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले वीडियो का मूल स्त्रोत का उल्लेख नहीं किया जाता लेकिन डीएफओ श्री जैन ने वीडियो पोस्ट करते समय इसे रिकार्ड करने वाले वनकर्मी को पूरा श्रेय दिया है। वीडियो में बीट गार्ड ताकेश्वर देवांगन लिखकर उसे क्रेडिट दिया है।

## सड़क हादसे में महिला घायल



**धमतरी।** रूद्री रोड पर पैदल जा रही एक महिला को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह एक महिला रूद्री रोड पर पैदल जा रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहा तेज रफ्तार अज्ञात वाहन रूद्री थाना के पास महिला को ठोकर मार फरार हो गया। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस जवान तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस सहायता के लिए सूचना दी। सूचना मिलते ही शिवा प्रधान ऋतुराज फाउण्डेशन की एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को वार्ड में भर्ती किया गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम गायत्री रूद्री निवासी बताया। चौबीस घंटे अस्पताल में भर्ती रहने व उपचार के बाद दूसरे दिन महिला को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

- रूद्री थाना के पास हुआ हादसा

# साढ़े पांच सौ प्रकरण, डेढ़ करोड़ की वसूली फिर भी महानदी का सीना हो रहा छलनी

- रेत माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई का अभाव, छूटने के बाद फिर से खदानों पर नजर आती हैं गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डेढ़ साल में साढ़े पांच सौ से ज्यादा प्रकरण, डेढ़ करोड़ से ज्यादा फाइन। इस भारी भरकम फाइन के बाद भी रेत की लगातार चोरी खनिज विभाग की कार्यशैली की पोल खोल रही है। गाड़ी पकड़ाने के दो चार दिन बाद ही चेन माउंटेन, हाईवा, ट्रैक्टर फिर से नदी में नजर आते हैं और चोरी से रेत निकासी में जुट जाते हैं।

कोई मंत्री या नेता आता है तो खनिज विभाग खदानों को ऐसे बंद करवा देता है कि एक गाड़ी भी रेत भरकर नहीं निकल सकती है, लेकिन बाकी दिनों में यह कड़ाई नहीं दिखती है। कार्रवाई के नाम पर प्रकरणों की संख्या और भारी भरकम फाइन तो नजर आती है, लेकिन रेत का अवैध कारोबार जरा भी कम नहीं हो रहा है। जिन गाड़ियों पर कार्रवाई होती है, दो-तीन बाद वहीं गाड़ियां खदानों में रेत भरने पहुंच जाती हैं। यह स्थिति कार्रवाई की शैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है।

### खरेंगा कांड के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर खनिज विभाग की कार्रवाई का जरा भी डर नहीं है। इसी का परिणाम है कि खरेंगा रेत खदान की स्वीकृति नहीं होने के बाद भी रेत के लिए श्मशान घाट को खोद डाला गया। इसके बाद खनिज विभाग एक्शन में आ गया है। तत्काल खरेंगा में 5 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई। इसके बाद एक के बाद 27 गाड़ियों को पकड़ा गया है। अभी इन गाड़ियों पर फाइन लगाई जानी है।



### ट्रांसपोर्टर भी परेशान

खदानों में खनिज माफिया का बोलबाला है। नियम के अनुसार हाईवा लोडिंग पर रायल्टी 5-6 सौ रुपए ली जानी चाहिए, लेकिन खदानों में 2 से ढाई हजार रुपए वसूली जाती है। ट्रैक्टर से लीगल रुप से रेत निकालने की व्यवस्था ही नहीं दी गई है। मजबूरी में ट्रैक्टर संचालक अवैध खदानों से रेत निकाल रहे हैं। यहां भी उनसे मनमाने ढंग से वसूली की जाती है।

### सिर्फ खजाना भरने वसूली

वर्ष 2025-26 में खनिज विभाग ने कुल 442 प्रकरण दर्ज किए थे। अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन सहित अन्य मामलों में दर्ज इन प्रकरणों में 1 करोड़ 28 लाख 95 हजार 540 रुपए की वसूली की गई थी। इस साल ▶▶ शेष पेज 10 पर

## अवैध प्लाटिंग से बरसाती पानी का रास्ता अवरूद्ध

**धमतरी।** गोकुलपुर स्थित भटगांव रोड में नगर निगम शौचालय के पीछे विगत एक साल से अवैध प्लाटिंग की शिकायत वार्डवासियों ने की है। पूर्व पार्षद विजय साहू ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि भटगांव रोड स्थित शौचालय के पीछे अवैध प्लाटिंग कर जमीन को बेचा जा रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। वर्तमान में 10 एकड़ के आसपास अवैध प्लाटिंग की गई है। इससे गोकुलपुर का बरसाती पानी अवरूद्ध हो जाएगा। यह स्थान गोकुलपुर, भटगांव, रूद्री, बेंद्रानवागांव, सोरम से आने वाली बारिश के पानी का मुख्य रास्ता है। अवैध प्लाटिंग से पानी का रास्ता बंद हो गया है। इससे वार्ड के जलमग्न होने तथा फसल चौपट होने की संभावना है। अवैध प्लाटिंग को हटाकर पानी निकासी का रास्ता दुरुस्त करने की मांग की गई है।



- पूर्व पार्षद ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर निकासी दुरुस्त करने की मांग की

रक्षित केंद्र में पौधरोपण, एसपी के साथ जवानों ने किया योग

# योग व पौधारोपण से पुलिस ने दिया अनूठा संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस ने योग व पौधरोपण के माध्यम से स्वस्थ व सुरक्षित पर्यावरण की पहल का अनूठा संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देशन व उपस्थिति में शुक्रवार को रक्षितकेंद्र रूद्री में योग शिविर व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। योग शिविर में सुजय मंडल एवं उसकी शिष्या रूचि साहू द्वारा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। यह इस वर्ष पांचवां योग जागरुकता एवं अभ्यास प्रशिक्षण शिविर है। योग शिविर के बाद विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन रूद्री परिसर में छायादार व फलदार पौधों को रोपण किया गया। इस दौरान एसपी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण कर पर्यावरण संवर्धन के लिए सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया।



एसपी ने संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी पर जीवन का आधार है। पर्यावरण संरक्षण एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि आने वाले पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। अधिक से अधिक पौधरोपण कर हम प्रकृति एवं मानव जीवन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, यशकरण दीप ध्रुव एवं जिले के थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बड़े भाई की मौत से दुखी छोटे भाई ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- ग्राम सिवनीखुर्द की घटना

बड़े भाई की अचानक मौत हो जाने के गम में पांच दिन बाद छोटे भाई ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

परिजन व अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनीखुर्द निवासी सुकालुराम ध्रुव के तीन बेटे थे जिसमें से गोवर्धन ध्रुव की मौत 16 वर्ष की आयु में हो गई थी, वहीं दूसरा बेटा डगेश्वर ध्रुव शिक्षक था। तीसरा बेटा दानीराम ध्रुव उम्र 33 वर्ष कृषि मजदूरी करता था। उसके दो बच्चे हैं। दानीराम शराब सेवन का आदी था। बीते 20 मई को बड़े भाई डगेश्वर ध्रुव का स्वास्थ्य खराब होने से निधन हो गया। संपूर्ण कार्यक्रम 28 मई को सिवनीखुर्द में हुआ। इस दौरान दानीराम अपने भाई के चले जाने से मानसिक रुप से चितिंत रहता था जिसके कारण वह लगातार शराब का सेवन कर रहा था। 30 मई को भी दानीराम शराब के नशे में था। नशे की हालत में ही युवक ने 30 मई की दोपहर घर में रखी निंदानाशक दवाई का सेवन कर लिया। जहरीली दवाई पीने के बाद युवक ने अपने पिता सुकालुराम को जानकारी दी। पिता ने निजी वाहन की व्यवस्था कर उसे तत्काल उपचार के लिए कुरूद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से रिफर करने



**खबर संक्षेप**

## विद्यालय प्रांगण में हुआ पौधरोपण

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। मौके पर प्राचार्य एमआर मनहर, उप प्राचार्य आर के बघेल, आर के टंडन, एच के साहू, के के वर्मा, बी के निषाद, जे के साहू, जी के साहू, डी के साहू, एस अग्रवाल, पी शर्मा, जे ध्रुव, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**निधन**

## कार्तिकराम टंडन

**अंवरी।** ग्राम बंजारी निवासी कार्तिक राम टंडन 75 वर्ष का निधन 3 जून को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में जितेंद्र, नरेंद्र, अर्जुन, बिजेराम, गौकरण, अश्वनी, विनोद टंडन सही बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।



**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## ड्रीम कॉरिडोर से बदलेगी धमतरी की तस्वीर ...

सहित वनोपज और सब्जी मार्केट से जुड़े कार्यों पर तेजी से काम शुरू किया गया है। इसके अलावा जिले में प्रेशर कुकर निर्माण इकाई, इलेक्ट्रिक व्हीकल यूनिट और टेक्सटाइल उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

पर्यटन विकास को भी ड्रीम कॉरिडोर में शामिल किया गया है। गंगरेल बांध, सिहावा स्थित महानदी उद्गम क्षेत्र, रूद्रेश्वर कॉरिडोर और प्रस्तावित इको-टूरिज्म विलेज को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर सड़कों से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। इससे स्थानीय व्यापार और रोजगार के नए अवसर बढ़ने की उम्मीद है। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन और कौशल विकास को एक साथ जोड़कर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रीम कॉरिडोर आने वाले समय में जिले की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का बड़ा माध्यम बनेगा।

## साढ़े पांच सौ प्रकरण, डेढ़ करोड़ की वसूली ...

फाइन चार गुना अधिक वसूली जा रही है । अब तक 107 दर्ज प्रकरणों में ही पिछले साल से ज्यादा राशि की वसूली कर ली गई। इस साल अब तक 28 लाख 97 हजार 510 रुपए की वसूली की गई है। इन कार्रवाईयों से शासन का खजाना तो भर रहा है, लेकिन रेत के अवैध कारोबार पर जरा भी असर नहीं पड़ा है।

## बड़े भाई की मौत से ...

पर युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान युवक की गुरुवार को मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। एक सप्ताह के भीतर अपने दो बेटों को खोने वाले पिता व परिजन गम में डूब गए हैं।

# कलेक्टर की पहल : लिंक कोर्ट से बदल रही डुबान क्षेत्र की तस्वीर

■ हेमनारायण और ओंकार साहू के वर्षों पुराने भूमि अभिलेख में हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन की अभिनव पहल लिंक कोर्ट दूरस्थ और डुबान प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। कभी छोटे-छोटे राजस्व मामलों के लिए कई किलोमीटर की यात्रा कर तहसील या जिला मुख्यालय पहुंचने को मजबूर ग्रामीण अब अपने ही गांव में त्वरित सुनवाई और समाधान पा रहे हैं।

### तहसील नहीं, अब गांव में हो रही सुनवाई

### कलेक्टर ने हितग्राहियों को सुधार पत्रक सौंपा

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि दूरस्थ एवं डुबान प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को राजस्व सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। लिंक कोर्ट के माध्यम से नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन और अभिलेख सुधार जैसे मामलों का समयबद्ध निराकरण हो रहा है, जिससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिली है।



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के दुर्गम क्षेत्रों में लिंक कोर्ट की शुरुआत की गई। विकासखंड नगरी के बोराई और विकासखंड धमतरी के अकलाडोंगरी में संचालित ये लिंक कोर्ट ग्रामीणों को राजस्व सेवाएं उनके घर के समीप उपलब्ध करा रहे हैं। गुरुवार को अकलाडोंगरी लिंक कोर्ट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वयं ग्रामीणों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया देखी।

लिंक कोर्ट की उपयोगिता उस समय और स्पष्ट हुई जब ग्राम तांसी निवासी हेमनारायण बजरंग से जुड़े एक जटिल नामांतरण प्रकरण का समाधान स्थानीय स्तर पर किया गया।

इसी प्रकार ग्राम अकलाडोंगरी के ओंकार साहू का वर्षों पुराना भूमि अभिलेख सुधार का मामला भी लिंक कोर्ट के माध्यम से सुलझा। वर्ष 2011 में खरीदी गई भूमि का नामांतरण विभिन्न कारणों से लंबित था। लिंक कोर्ट में सभी पक्षों की सुनवाई कर राजस्व अभिलेख में आवश्यक सुधार किया गया और कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वयं सुधार पत्रक सौंपा।

## विकास रोकना आसान, समाधान देना मुश्किल, विपक्ष में दम है तो लिखित विकल्प दे : अजय

# कुरुद में शिक्षा विकास की नई नींव : 25 हजार वर्गफीट में बनेगा आधुनिक स्कूल परिसर, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पुराना बाजारपारा स्थित प्राथमिक शाला के नवीन भवन एवं अतिरिक्त कक्षों के भूमिपूजन कार्यक्रम में गुरुवार को विकास, शिक्षा और राजनीति तीनों मुद्दे एक साथ केंद्र में आ गए। इस दौरान कुरुद की राजनीति में उस वक्त भारी गरमाहट देखने को मिली, जब क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर ने मंच से विरोधियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि लोकतंत्र में अंध-विरोध करना बेहद आसान है, लेकिन धरातल पर समाधान देना उतना ही मुश्किल। अगर विपक्ष में दम है, तो केवल आलोचना करने के बजाय विकास के बेहतर और व्यावहारिक लिखित विकल्प शासन-प्रशासन के सामने प्रस्तुत करे।

दरअसल, वर्षों से यह स्कूल महज 7 हजार वर्गफीट के संकुचित परिसर में संचालित हो रहा था। पास में ही सब्जी मंडी होने के कारण विद्यार्थियों को दिनभर के भारी शोरगुल और चीख-पुकार के बीच पढ़ाई करनी पड़ती थी। साथ ही स्कूल स्टाफ के लिए गाड़ियां खड़ी करने जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी भारी अभाव था।

दशकों पुरानी इस शहरी अव्यवस्था को दूर करने के लिए विधायक चंद्राकर ने एक साहसिक क्राइसिस मैनेजमेंट मॉडल अपनाया। उन्होंने पुरानी आईटीआई और अस्थायी पशु चिकित्सालय की भूमि का पुनर्गठन कराकर स्कूल परिसर का विस्तार सीधे 3 से 4 गुना बढ़ाकर लगभग 25 हजार वर्गफीट करवा दिया।





### असुविधा क्षणिक, लाभ पीढ़ियों को

इसी बड़े बदलाव के राजनीतिक विरोध पर श्री चंद्राकर का गुस्सा फूटा। उन्होंने तार्किक विन्यास सामने रखते हुए विरोधियों को नसीहत दी और कहा कि जब भी कोई बड़ा निर्माण या नया सृजन होता है, तो तात्कालिक आंशिक असुविधा अनिवार्य होती है। जैसे नया घर बनाने की प्रक्रिया में थोड़ी परेशानी जरूर होती है, लेकिन उसका सुखद लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलता है। विकास कार्यों को इसी सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है।

### मेधावियों का हुआ सम्मान, मंच पर जुटे दिग्गज

इस समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मंच से सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर, बीईओ राजेश बैस, तहसीलदार सूरज बंछोर, सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक, स्कूली बच्चे एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### डिग्री नहीं, कौशल का है दौर कुरुद बनेगा स्किल हब

शिक्षा को रोजगार और भविष्य की चुनौतियों से जोड़ते हुए पूर्व मंत्री ने स्पष्ट कहा कि अब समय बदल चुका है। आज का दौर केवल कागजी डिग्रियों का नहीं, बल्कि मेधा, नवाचार, कौशल और सोचने की क्षमता का है। ऐसे दौर में बच्चों को सीमित संसाधनों और संकुचित परिसरों में बांधकर नहीं रखा जा सकता, बल्कि उन्हें खुला वातावरण, खेल मैदान, सांस्कृतिक मंच और प्रयोगात्मक शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय युवाओं को मल्टी स्किल और मल्टी टास्किंग की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज, बीएड कॉलेज, नए स्कूल भवन, ऑडिटोरियम तथा बीए-एलएलबी जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की स्थापना केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य में किया जा रहा निवेश है। उनका लक्ष्य कुरुद को शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसरों का मजबूत केंद्र बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने नगर नियोजन, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल परियोजनाओं और औद्योगिक क्षेत्र के विन्यास पर भी विस्तार से चर्चा की।

# कांग्रेस को झटका : खैरा और भैंसबोड़ सरपंच सहित 14 पंच भाजपा में शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में गुरुवार को एक बड़ा उलटफेर हुआ, जिसने स्थानीय गलियारों में हलचल मचा दी है। ग्राम खैरा (कोकड़ी) और भैंसबोड़ के सरपंच सहित बड़ी संख्या में पंचों ने कांग्रेस और विपक्षी खेमे से दूरी बनाते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। एक ही दिन में दो प्रमुख गांवों के जनप्रतिनिधियों का पाला बदलना क्षेत्रीय राजनीति में भाजपा के बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों ने कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व, विकास कार्यों और क्षेत्र के लिए उनकी दीर्घकालिक सोच पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में क्षेत्र में हुए जनहित कार्यों ने उन्हें भाजपा की विचारधारा के करीब लाने का काम किया है। भाजपा। प्रवेश करने वालो में भैंसबोड़ सरपंच श्रीमती गंगा साहू के साथ पंच संतराम साहू, ज्योति ध्रुवंशी, यशोदा दीवार और विद्या साहू ने भाजपा की सदस्यता ली। वहीं ग्राम खैरा (कोकड़ी) की सरपंच श्रीमती योगेश्वरी बाई के नेतृत्व में पंचों की बड़ी टीम भाजपा में शामिल हुई, जिनमें मुख्य रूप से रमाकांत साहू, गोदावरी कंवर, कुमारी बाई कंवर, शैलेंद्र साहू, नीता बाई साहू, रमेश्वरी नवरंगे, जामुन यादव और बलीराम ध्रुव शामिल हैं।

नव भाजपा प्रवेशी महिला जनप्रतिनिधियों ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए बड़ी राहत बताते हुए सरकार की सराहना की। उधर दो पंचायतों का एक साथ भाजपा में जाना विपक्षी खेमे के लिए बड़ी चेतावनी और ग्रामीण स्तर पर बदलते राजनीतिक मिजाज का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, टिकेश साहू, नरोत्तम साहू, लोमश साहू विशेष रूप से मौजूद थे।

# सिंगपुर में जल्द शुरू होगी बैंकिंग सुविधा ग्रामीणों को मिलेगा वित्तीय सेवाओं का लाभ

■ कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण, कहा : वित्तीय समावेशन से आदिवासी अंचल का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम सिंगपुर के ग्रामीणों को शीघ्र ही बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी-मगरलोड क्षेत्र के आदिवासी अंचल ग्राम सिंगपुर का दौरा कर प्रस्तावित बैंक शाखा के लिए चिन्हित भवन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैंक संचालन हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा है कि दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों के नागरिकों को भी शहरी क्षेत्रों के समान बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं उनके गांव के निकट ही उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि बैंक शाखा प्रारंभ होने से ग्रामीणों को खाते खोलने, शासकीय योजनाओं की राशि प्राप्त करने, बचत, ऋण, बीमा तथा डिजिटल बैंकिंग जैसी सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे ग्रामीणों का समय और संसाधन दोनों बचेंगे तथा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होने से स्व-सहायता समूहों, किसानों, युवाओं एवं छोटे उद्यमियों को विशेष लाभ मिलेगा। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से हितग्राहियों तक पहुंच सकेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के लिए पुराने महिला स्व-सहायता समूह प्रशिक्षण केंद्र भवन का चयन किया गया है। प्रस्तावित शाखा का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने के बाद किया जाएगा।

इस अवसर पर छग राज्य ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर विपिन सिंह चंदेल ने बताया कि बैंक शाखा प्रारंभ करने संबंधी अधिकांश औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। आरबीआई के निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रावधानों का पालन करते हुए अंतिम प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त होते ही बैंकिंग सेवाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, एसडीएम नभसिंह, सरपंच सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे ।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-भोथली तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

प्रति,

01. अवधराम पिता पूरन साहू
02. नंदनी साहू पि. रामेश्वर
03. जीतराम पि. कैतूराम
04. लोकेश्वरी पि. तमेंद्र वगै.
05. शोभाराम पि. साहूराम
06. रामकुमार पिता मोतीराम साहू
07. मोतीराम पिता पूरन साहू

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

---00---

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम कण्डेल प.ह.नं.15 रा.नि.मं. भोथली तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1630/2 रकबा 0.16 हे. का आवेदक अवधराम पिता पूरन साहू निवासी कण्डेल के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 04/06/2026 के अनुसार सीमांकन दिनांक 15/06/2026 को दिन सोमवार समय 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म. भोथली**

## पूर्व पार्षद संतोषी निषाद ने किया उद्घाटन

# छोटे बच्चों के लिए खुला पालना घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

नगर पंचायत भखारा की पूर्व पार्षद संतोषी निषाद द्वारा ग्राम भठेली में छोटे बच्चों की देखभाल एवं पोषण के लिए पालना घर का उद्घाटन किया गया। इस पालना घर में शासन की योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था की जाएगी।



उद्घाटन अवसर पर संतोषी निषाद ने कहा कि पालना घर कामकाजी महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। इससे महिलाएं अपने बच्चों की सुरक्षा और देखभाल की चिंता किए बिना अपने कार्यों पर ध्यान दे सकेंगी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सुपरवाइजर, बस्ती पंचायत अध्यक्ष नेकराम बंधु, लक्ष्मण साहू, झामन साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। लोगों ने पालना घर की शुरुआत का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं के हित में एक सराहनीय कदम बताया। पालना घर के संचालन से क्षेत्र के छोटे बच्चों को बेहतर देखभाल और पोषण मिलेगा, वहीं कामकाजी माताओं को भी बड़ी राहत प्राप्त होगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे



**पुरी।** स्व. भूपालमणि यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम और जलवायु परिवर्तन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश चंद्राकर एवं संस्था प्रमुख सीडी राणे, शिव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, उपसरपंच रमेश यादव एवं सेवकराम, अनिल कुमार नागवंशी ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। बच्चों ने चित्रकला और भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंबालिका साहू ने किया।

## पंचायत टीम ने जन समस्याओं के निराकरण पर की चर्चा

# बरगद के नीचे हुई ग्रामसभा, पर्यावरण का संदेश भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम पंचायत दरबा में 5 जून को आयोजित ग्राम सभा में लोगों को पेड़ और पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया गया। आयोजन के लिए किसी टेंट, पंखा या कूलर का प्रयोग नहीं किया गया, बल्कि ग्राम दरबा के गौठान में स्थित बड़े बरगद के पेड़ की छाया में सभा हुई।

ग्राम सभा के दौरान पेड़ और उसकी छाया के महत्व पर चर्चा की गई। 5 जून के अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस भी था, इसलिए सभी ने मिलकर एक पेड़ माता के नाम पौधरोपण किया। पंचायत टीम ने जन समस्याओं के निवारण और ग्रामीण विकास के लिए अपने प्रयासों और योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी। इस आयोजन ने यह साबित किया कि बड़े आयोजन में भी प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके बिना आधुनिक उपकरणों के सफलता प्राप्त की जा सकती है। मौके पर सरपंच श्रीमती पूजा साहू, उपसरपंच गुलशन साहू, सचिव कौशल गंजीर, रोजगार सहायक यमपुरी गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने जारी की मंडल प्रभारी एवं सह प्रभारियों की सूची



**कुरुद।** संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा जिला धमतरी ने जिले के 13 मंडलों के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस के मार्गदर्शन तथा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित और राकेश साहू की अनुशंसा पर यह सूची जारी की गई है। जारी सूची के अनुसार कुरुद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुरुद भाजपा मंडल में कुलेश्वर चंद्राकर को प्रभारी तथा थानेश्वर साहू को सह प्रभारी बनाया गया है। भखारा मंडल में आनंद यदु को प्रभारी और छत्रपाल बैस को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा संगठन का मानना है कि इन नियुक्तियों से मंडल और बूथ स्तर तक संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के समन्वय और जनसंपर्क अभियानों को गति देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उनसे क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई है। राजनीतिक दृष्टि से भी इन नियुक्तियों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि आगामी चुनावी गतिविधियों और जनसंपर्क कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने में नए प्रभारी अहम भूमिका निभाएंगे।

- कुरुद से कुलेश्वर प्रभारी, थानेश्वर सह प्रभारी व भखारा के आनंद प्रभारी व छत्रपाल बने सह प्रभारी

### प्री-बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 11 को



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 एवं बीएससी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन 11 जून को सुबह 10 बजे से 12:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों के लिए पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर उपयोग के लिए रिजर्व पर्यवेक्षकों की भी व्यवस्था की गई है। सभी पर्यवेक्षकों को 6 जून को सुबह 11 बजे शासकीय पीजी महाविद्यालय धमतरी के नवीन भवन स्थित स्मार्ट क्लास रूम में आयोजित ब्रीफिंग में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्री-बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण परीक्षाएं हैं। परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। सभी नियुक्त अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

- परीक्षा के सफल संचालन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

एक पेड़ मां के नाम अभियान से गूंजा नगर

# नगरवासियों ने किया पौधारोपण ग्रीन भखारा-भठेली का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏩ अंवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत द्वारा अटल स्टेडियम के समीप स्थित सीएमओ निवास परिसर के पास पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नीम, आम, कटहल, गुलमोहर सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में शामिल बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बच्चों ने पौधों की देखभाल करने तथा अपने आसपास अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, सीएमओ हरिकिशन पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, भूपेन्द्र यादव, छबि निर्मलकर, अविनाश सिंह गौर, झम्मन लाल साहू, हितेन्द्र कुमार साहू, भूपेश्वरी चक्रसुदर्शन, गौतमी नेहरा पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### जलवायु परिवर्तन से निबटने पौधरोपण प्रभावी समाधान : ज्योति

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पौधरोपण ही सबसे प्रभावी समाधान है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र को हराभरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और मातृ सम्मान को जोड़ने वाला जनआंदोलन है। हमें पौधे लगाने के साथ-साथ उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी।

### वर्षभर चलेगा पौधरोपण अभियान : पावरिया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा संचालित ग्रीन भखारा-भठेली अभियान अंतर्गत वर्षा ऋतु भर नगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और देखभाल के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि प्रत्येक पौधा विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सके।

## वृक्षों की पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला जेल परिसर में बीजारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए समाज को प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता मोहनलाल साहू ने कहा कि पर्यावरण संकट केवल वैज्ञानिक या सरकारी विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक व्यवहार, जीवनशैली और सांस्कृतिक मूल्यों से भी गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। नई पीढ़ी और प्रकृति के बीच बढ़ती दूरी एक गंभीर चिंता हैं। भारतीय संस्कृति में नदियों, पर्वतों, वृक्षों और प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में देखा गया है। वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण तथा जैव विविधता के संवर्धन के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। भेदू प्रसाद साहू ने अपने स्वभाव में सामान्य परिवर्तन कर पर्यावरण संकट से बचने के उपाय साझा किए। उन्होंने अधिक से अधिक बीजों का संग्रहण एवं बीजों का रोपण करने का आग्रह किए। रोनित ने पर्यावरणीय गीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला जेल के बंदी एवं जेल प्रहरी उपस्थित थे। गोष्ठी के पश्चात जेल के साथ साथ अर्जुनी थाना में चंदन, तुलसी, शमी, सिंदूर एवं कपास के बीजों का रोपण किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। मौके पर प्राचार्य नंदकिशोर साहू, कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र, श्रीमती अनीता वैद्य, दीपक निषाद, एचआर साहू, गजेंद्र चक्रधारी, पोखराज चक्रधारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लीडर दुर्गा साहू, लीलांद्री निषाद, कुमकुम निषाद मौजूद थे।

### कंडेल में 51 पौधे रोपे गए




**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम कंडेल में गुरुवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्मशान घाट एवं आसपास के क्षेत्र में 51 पौधे लगाए गए। सरपंच गिरधर सार्वा ने फलदार पौधों का वितरण गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के साथ नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया। आंवला, अमरूद, जामुन, नींबू, नीम, करंज, आम और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच गिरधर सार्वा ने ग्रामीणों से वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम साहू, श्रीराम साहू तथा दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्य बंसत कुमार विश्नोई, संतोषी विश्नोई, घनश्याम सिंह साहू, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, शिवचरण, सुलेखा अली, डाली सोमन, सुलोचना, मिलाप, ओमप्रकाश सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



- पूरे ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी में प्राण है और उसकी वजह पर्यावरण है : कविंद्र
- बढ़ते तापमान से संपूर्ण विश्व चिंतित : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपाइयों ने जिले में 25 से अधिक स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। इसी तारतम्य में इंडोर स्टेडियम धमतरी में शहर मंडल एवं निगम पार्षदों ने पौधरोपण किया।

कार्यक्रम संयोजक कविंद्र जैन ने कहा कि पूरे ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी में ही प्राण है और उसकी वजह पर्यावरण है। पृथ्वी में जल और वायु की उपलब्धता से ही जीवन विद्यमान है। विकास की बढ़ती रफ्तार ने पर्यावरण को सबसे अधिक क्षति पहुंचाई है। निगम सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन एवं वार्ड पार्षद कुलेश सोनी ने कहा कि लगातार गिरते जलस्तर और बढ़ते तापमान ने संपूर्ण विश्व को चिंता में डाल दिया है। इससे बचाव का सिर्फ एक ही तरीका है और वो है अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनको संरक्षित करना।

महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डॉ बीथिका विश्वास एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहिताश मिश्रा ने गिरते स्वास्थ्य और बढ़ती बीमारियों के लिए पर्यावरण और जल प्रदूषण को सबसे प्रमुख कारण बताया और एक स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति के साथ जुड़ना आवश्यक बताया। शहर मंडल महामंत्री गौरव मगर एवं राजीव चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि समाज के कल्याण के लिए भी लगातार कार्य करती है। पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा वर्ष भर अनेक रचनात्मक कार्य किए जाते हैं। मौके पर पार्षद चन्द्रभागा साहू, अज्जू देशलहरे, शैलेश रजक, आशा लोधी, चंद्रकला पटेल, रूक्मणि सोनकर, विजय ठाकुर, विनोद रणसिंह, अशोक सिन्हा, नंदू लोधी, मुकेश शर्मा, देवेंद्र ध्रुवंशी, वेदप्रकाश साहू, मुकेश चौबे, मुकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### सलोनी स्कूल में आम के पौधे लगाए गए

**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सलोनी विद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य वीरेंद्र कुमार श्रीवास और इको कलब प्रभारी विजय जगनायक के निर्देशन में आम के पौधे लगाए गए। प्राचार्य ने बच्चों को देखभाल और पानी देने का काम सौंपा। इस अवसर पर विकास निम्बालकर, वासुदेव साहू, ओपी साहू, मोतिम इंदोरिया समेत स्कूली बच्चे सहभागी बने।



### सियान गुड़ी में पर्यावरण संरक्षण की दिलाई गई शपथ




**धमतरी।** महात्मा गांधी वार्ड स्थित सियान गुड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस पर बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं वृक्षों के महत्व की जानकारी दी गई। इसके बाद सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु सामूहिक शपथ ली। सभी लोगों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देंगे, प्लास्टिक के उपयोग को कम करेंगे तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को भी जागरूक करेंगे। मौके पर अध्यक्ष अन्नपूर्णा गजेंद्र, सचिव यंजुला सिन्हा एवं कार्यकर्ता शेषनारायण, दानवीर, दिव्या साहू, दिव्यप्रकाश, रूपेश, रुक्मणी, सती, लीलेश्वरी एवं चैतांशु राजा की उपस्थिति रही।

### विंध्यवासिनी वार्ड में एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पौधे




**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड स्थित नवीन सामुदायिक भवन,बिलाईमाता मंदिर के पीछे परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित धमतरी के संकल्प के साथ पौधे लगाए गए। जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संदेश दिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित किया जाएगा। वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ वायु प्राप्त करने तथा आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना आवश्यक है। इस अवसर पर निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, डिप्टी कलेक्टर इंदिरा देवहारी, निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ,पार्षद आशा लोधी, कमलेश ठाकुर,शिव नेताम, दिलीप सोनकर, गोलू सिन्हा, विनोद ध्रुव समेत अनेक वार्डवासी मौजूद थे।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग से किसानों को भारी नुकसान

उपनेता प्रतिपक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा संचालित ट्रेंचिंग ग्राउंड (कचरा डंपिंग स्थल) में लगी आग की घटना से आसपास के किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। आग की चपेट में आने से किसानों की फसल, कृषि उपकरण, कुटी (बारा) एवं अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है।

उपनेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद सत्येन्द्र देवांगन ने इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

श्री देवांगन ने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड जैसे संवेदनशील स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं आग से बचाव के संसाधनों का अभाव नगर निगम की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के क्षेत्रों में और भी बड़ा नुकसान हो सकता था।

उन्होंने कहा कि जिस घटना में किसान स्वयं पीड़ित हैं, उसी मामले में बिना किसी ठोस साक्ष्य के किसानों को नोटिस जारी कर संदेह के दायरे में लाना उचित नहीं है। प्रशासन को वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि नुकसान झेल रहे किसानों को परेशान करना चाहिए।

उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों के नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए तथा उन्हें शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। नगर निगम की लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाए।

श्री देवांगन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष किसानों पर जबरन कार्रवाई की गई, उन्हें बिना प्रमाण के दोषी ठहराने का प्रयास किया गया अथवा प्रभावित किसानों को न्याय एवं मुआवजा नहीं मिला, तो किसानों, वार्डवासियों एवं आमजन के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का लिया संकल्प

**जीजामगांव।** 20 पाली-सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष पद पर डॉ. ललित कुमार निषाद तथा गणेशपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष पद पर चंद्र कुमार निषाद को पुनः मनोनीत किया गया। उनके दोबारा चयन पर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर डॉ. ललित कुमार निषाद ने कहा कि यह जीत समाज के लोगों के कठिन संघर्ष, परिश्रम और विश्वास का परिणाम है। वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन तथा सामाजिक रीति-रिवाजों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। गणेशपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष चंद्र कुमार निषाद ने कहा कि निषाद समाज शिक्षा, सभ्यता, संगठन, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव के बाद विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया।

## निगम में अपशिष्ट पृथक्करण पर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

नगर पालिक निगम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निगम सामान्य सभा की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ए ग्लोबल कॉल फॉर क्लाइमेट एक्शन विषय अंतर्गत अपशिष्ट पृथक्करण (4-स्ट्रीम) और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह मिशन डायरेक्टर (एसबीएम-यू 2.0) राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों के तहत 5 से 12 जून तक राज्यव्यापी विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण और जनजागरूकता को बढ़ावा देना है।

बैठक में जानकारी दी गई कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू किए गए हैं। महापौर, सभापति एवं पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए लीड फैसिलिटेटर्स के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में 6 जून को एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं और प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया जाएगा। 7 से 12 जून तक शहर में घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नागरिकों को सूखा, गीला, घरेलू खतरनाक एवं सैनिटरी अपशिष्ट के पृथक्करण की जानकारी दी जाएगी तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य सभापति निलेश लूनिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और कचरे के पृथक्करण को अपनी दैनिक आदत बनाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर निर्माण में सहयोग करें।

## नाग मंदिर में शिव महापुरण कथा का समापन



**धमतरी।** शुक्रवार को नागमंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण कथा का समापन हुआ। शुक्रवार को अंतिम दिन पंडित कमलेश शास्त्री ने कार्तिक जन्म, गणेश जन्म, 12 ज्योर्तिलिंग की कथा सुनाई। यज्ञ, हवन, पूर्णाहूति के शोभायात्रा के साथ शिव महापुराण का समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजक श्री नागदेव महिला समिति की महिलाएं तन मन धन से जुटी रहीं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पालना घर कार्यकर्ता-सहायिका की वरीयता सूची जारी

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत रूद्री में पालना घर के लिए कार्यकर्ता और सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के जांच के आधार पर अनंतिम वरीयता सूची जारी की गई है। सूची के संबंध में आगामी 15 जून तक दावा-आपत्ति एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण कार्यालय में जमा की जा सकती है।

### भाजपा गंगरेल मंडल की बैठक आज



- संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों पर होगी चर्चा

**धमतरी।** भाजपा मंडल गंगरेल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन के नेतृत्व में 6 जून को दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत गंगरेल स्थित साहू समाज भवन में आयोजित की गई है। बैठक में जिला संगठन के प्रभारी डॉ. किरण बघेल, भाजपा मंडल गंगरेल के नवनियुक्त प्रभारी हेमंत चंद्राकर एवं सह प्रभारी अविनाश दुबे की उपस्थिति रहेगी। बैठक में आगामी संगठनात्मक, पौधरोपण , योगा , स्वच्छता एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। बैठक के प्रमुख एजेंडों में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा 23 जून डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले संगठनात्मक, जनसेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दायित्व सौंपे जाएंगे। मंडल अध्यक्ष श्रीमती देवांगन ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

### कीर्तन बने मछुआरा संघ के धमतरी विस उपाध्यक्ष



**धमतरी।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा संगठन विस्तार एवं समाज हित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गायत्री गायग्वाल के निर्देशानुसार कीर्तन मीनपाल को धमतरी विधानसभा उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति आदेश राष्ट्रीय मछुआरा संघ के प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश धीवर के हस्ताक्षर से जारी किया गया। कीर्तन वर्तमान में धमतरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य के रूप में सक्रिय हैं और क्षेत्र के विकास कार्यों में लगातार भागीदारी निभा रहे हैं। संघ को विश्वास है कि वे मछुआरा समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगे। उनकी नियुक्ति पर संघ के कोषाध्यक्ष बुधराम धीवर, तेजनारायण मीनपाल, अभिमन्यु मीनपाल, लिकेश मीनपाल, जोहन पाल, विजय मीनपाल, अंजलि मीनपाल, दीपक मीनपाल, दिलीप मीनपाल, आशीष मीनपाल सहित अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कांटगांव निवासी 19 वर्षीय रीना कुंजाम पिता विष्णु कुंजाम का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# 60 लाख की जटायु मशीन से हाईटेक होगी सफाई व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से मजबूत बनाने की दिशा में महापौर रामू रोहरा ने नई पहल की है। नगर निगम के लिए अत्याधुनिक जटायु सफाई मशीन खरीदने राज्य शासन को लगभग 60 लाख रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। मशीन उपलब्ध होने के बाद शहर की नालियों, सीवर लाइन और संकरी जगहों की सफाई पहले की तुलना में अधिक तेज, सुरक्षित और प्रभावी तरीके से हो सकेगी। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि नगर निगम लगातार स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास कर रहा है। इसी उद्देश्य से जटायु सफाई मशीन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह मशीन आधुनिक वैक्यूम और हाई प्रेशर तकनीक से संचालित होती है, जिससे गीला और सूखा दोनों प्रकार का कचरा आसानी से उठाया जा सकता है। मशीन में सक्शन पंप, हाई प्रेशर जेट सिस्टम और विशेष कचरा संग्रहण व्यवस्था दी गई है, जो नालियों और सीवर में जमा गाद, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को निकालने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सफाई कार्य में काफी समय और अधिक श्रम लगता है, जबकि जटायु मशीन के उपयोग से कम समय में ज्यादा काम किया जा सकेगा। मशीन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सफाई कर्मचारियों को सीवर या गंदगी के बीच उतरकर काम नहीं करना पड़ेगा,जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी और मैनुअल सफाई पर निर्भरता कम होगी।

### आधुनिक वैक्यूम और हाई प्रेशर तकनीक से होगी संचालित




#### नई मशीन से बढ़ेगी स्वच्छता



महापौर ने बताया कि प्रदेश के बड़े नगर निगमों में इस तकनीक का उपयोग सकारात्मक परिणाम दे रहा है। धमतरी में भी इस मशीन के आने से स्वच्छता व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और शहर को साफ-सुथरा रखने में मदद मिलेगी। नगर निगम का मानना है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को भी तेजी से पूरा किया जा सकेगा।

### मृतक भोजराज के परिवार ने प्रबंधक को बर्खास्त करने की रखी मांग

# एक सप्ताह में न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री**



भोजराज साहू पिता परदेशी राम साहू उम्र 55 वर्ष गोबरा निवासी थाना कुरूद ने 19 नवंबर 2025 को सुबह करीबन 9 बजे अपने ट्रेक्टर क्र. सीजी 05 जेडी 2502 में धान रखकर बिक्री करने सिवनीकला सोसायटी गया था, जहां पर सोसायटी में पर्याप्त जगह होने के बाद भी मण्डी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने हाईटेंशन तार के नीचे मिट्टी डलवाने के कारण सामान्य उंचाई से कम हुये स्थान पर खाली करने कहा। धान को खाली करने ट्रेक्टर के हाईड्रोलिक को उठाने पर भोजराज साहू हाईटेशन तार के संपर्क आ गया। उसे इलाज हेतु बठेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

21 नवंबर को डॉ द्वारा रायपुर रिफर करने पर कालड़ा बर्न हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कराया गया। 1 महीने तक इलाज जारी था। इलाज के दौरान 19 दिसंबर को मृत्यु हो गई। जांच उपनिरीक्षक अजय बनारसी द्वारा मृतक के परिजनों, गवाहों का कथन, घटना स्थल निरीक्षण, पंचनामा, कनिष्ठ यंत्री मरौद से घटना स्थल की रिपोर्ट प्राप्त की। इस दौरान सोसायटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू सिवनीकला द्वारा उपेक्षापूर्ण कार्य करने पर उसके विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 27 मई 2026 को एफआईआर के 10 दिन बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। मृतक के भाई खूबलाल साहू ने बताया कि जांच अधिकारियों ने 20 मार्च 2026 को पीड़ित परिवार और तत्कालीन सोसायटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू सहित 15 लोगों का बयान दर्ज कर पंचनामा तैयार किया था। पंचनामा के दौरान पीड़ित परिवार ने ओमप्रकाश साहू प्रबंधक पर आरोप लगाया है कि घटनास्थल पर 3 फीट से अधिक मिट्टी डालकर जमीन को ऊंचा किया गया है जिसकी वजह से 11 केवी तार की ऊंचाई कम हो गई थी। प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने बिजली विभाग को आवेदन प्रेषित नहीं किया। इस पर ओमप्रकाश साहू ने कहा कि मृतक किसान भोजराज साहू को उक्त जगह पर धान खाली करने से 3 हमाल द्वारा मना करवाया गया था। मेरी कोई गलती नहीं है। मुझ पर लगाया गया आरोप निराधार है।


मृतक भोजराज

इधर पीड़ित परिवार न्याय की मांग को लेकर भटक रहा है। 20 मार्च 2026 को जांच, पंचनामा के एक माह बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर पीड़ित परिवार न्याय की मांग को लेकर 21 अप्रैल 2026 को कलेक्टर की शरण में पहुंचा था लेकिन फिर भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। गोबरा निवासी खूबलाल साहू ने बताया कि शिकायत के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। मृतक के भाई खूबलाल साहू ने कहा कि ओमप्रकाश साहू को पूर्ण तरीके से बर्खास्त नहीं किया गया तो एक सप्ताह के भीतर वह अपने पूरे परिवार सहित कलेक्टर ऑफिस में जाकर आत्मदाह करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन- प्रशासन की होगी।

### मानसून से पहले निगम अलर्ट

# जलभराव रोकने रेन वाटर हार्वेस्टिंग और नाला सफाई अभियान तेज



- जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने निगम की बड़ी तैयारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के संवेदनशील और जलभराव प्रभावित इलाकों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं, ताकि बारिश का पानी सड़कों और कॉलोनियों में जमा होने के बजाय सीधे जमीन में समा सके।

नगर निगम द्वारा शहर की पुरानी नालियों का चौड़ीकरण और गहरीकरण भी कराया जा रहा है। कई स्थानों पर नई नालियों का निर्माण कर उन्हें बड़े नालों और तालाबों से जोड़ा जा रहा है, जिससे बारिश का पानी तेजी से बाहर निकल सके। निगम की टीम जेसीबी मशीनों की मदद से बड़े नालों और नालियों की सफाई में जुटी हुई है। नालियों से गाद और कचरा हटाने का कार्य लगातार जारी है, ताकि पानी निकासी व्यवस्था बाधित न हो।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि इस बार जलभराव की समस्या को रोकने के लिए पहले से विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। चिन्हित स्थानों पर अतिरिक्त जल निकासी व्यवस्था विकसित की जा रही है। कॉलोनियों में जमा होने वाले पानी को तेजी से बाहर निकालने के लिए भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि निगम का प्रयास है कि बारिश के दौरान नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्वास्थ्य सभापति निलेश लूनिया ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों और नालियों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आधुनिक मशीनों के माध्यम से सफाई कार्य में तेजी लाई गई है। उन्होंने कहा कि जलभराव या गंदगी संबंधी शिकायत मिलने पर निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी।

# यूथ हॉस्टल ने साइकिल रैली निकाल कर दिया जागरूकता का संदेश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

- विकास की भेंट चढ़े वृक्षों को दी श्रद्धांजलि

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया इकाई धमतरी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां एक ओर वन डे साइकिल डे का आयोजन कर लोगों को प्रदूषण मुक्त आवागमन के लिए प्रेरित किया गया, वहीं दूसरी ओर विकास के नाम पर काटे गए वृक्षों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

संस्था के पदाधिकारियों, युवाओं और पर्यावरण प्रेमियों ने साइकिल चलाकर शहर का भ्रमण किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को यह संदेश देना था कि ईंधन की खपत को कम करके और साइकिल को अपनी दिनचर्या में शामिल करके हम न केवल पर्यावरण को प्रदूषण से बचा सकते हैं, बल्कि खुद को भी स्वस्थ रख सकते हैं। काटे गए वृक्षों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

मौके पर उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सचिव सुबोध महावर ,कोषाध्यक्ष व्यंकतेश साहू,ध नंजय सोनकर, योगेश गुप्ता, कमलेश कोठरी, कैलाश कुकरेजा, घनश्याम सोनी, प्रो. पीसी चौधरी, नरेन्द्र जैन, काजल मुंजवानी, एकता सिंह, विजय अग्रवाल, डॉ भूपेंद्र साहू, दीक्षा साहू उपस्थित थे।

#### प्रकृति और प्रगति में संतुलन जरूरी

इस अवसर पर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया धमतरी इकाई के चैयरमेन हुकुमचंद जैन ने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन प्रगति और प्रकृति के बीच संतुलन होना अनिवार्य है। अध्यक्ष रमेश देव ने संकल्प लिया कि इस मानसून सत्र में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा और उनकी देखभाल भी की जाएगी।

# स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर संरक्षण एवं संवर्धन का लिया संकल्प

- विश्व पर्यावरण दिवस पर शिवाजी प्रभात शाखा ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिवाजी प्रभात शाखा द्वारा नूतन स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए समाज को प्रेरित करना था। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नगर संघ चालक रामलखन गजेन्द्र ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार है। वृक्ष न केवल हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन चिंता का विषय है। इन चुनौतियों का सामना केवल अधिक से अधिक पौधरोपण और उनके संरक्षण के माध्यम से ही किया जा सकता है।

शाखा कार्यवाह ऋषिकांत सिन्हा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण को अपना सामाजिक दायित्व मानते हुए इस दिशा में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट ने कहा कि आज विकास और प्रगति के नाम पर सड़कों के निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए वर्षों पुराने हरे-भरे वृक्षों की कटाई की जा रही है तथा जंगलों का लगातार विनाश हो रहा है। इसका सीधा प्रभाव पर्यावरण, जलवायु और मानव जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के इस नुकसान की भरपाई के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों के आसपास खाली पड़ी भूमि, बंजर क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा सुनसान पहाड़ियों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने परिजनों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पुण्यतिथि तथा अन्य शुभ अवसरों को पौधरोपण के माध्यम से यादगार बनाने की अपील भी की।

कार्यक्रम में मोहन राव रणसिंह, शिरोमणि घोरपड़े, विनोद राव रणसिंह, गौरव मगर, नील पटेल, राजू सोनकर, धनेश्वर यादव, राजकुमार पटेल एवं सुभाष यादव सहित अनेक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



- जिला अस्पताल परिसर के सामने रोपे गए पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जय मां छत्तीसगढ़ सेवा संस्था, एक्जैक्ट फाउंडेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल परिसर के सामने पौधे लगाए गए। रत्नाबांधा चौक में पर्यावरण जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान बताया गया कि बढ़ती हुई वाहनों की संख्या, उनसे निकलने वाला धुआं तथा लगातार हो रही पेड़ों की कटाई के कारण पर्यावरण तेजी से प्रदूषित हो रहा है, जिसका दुष्प्रभाव मानव जीवन एवं प्रकृति पर पड़ रहा है।

सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वयं आगे आना होगा। केवल विश्व पर्यावरण दिवस पर ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष नियमित रूप से पौधरोपण एवं उनकी देखभाल करनी चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। मौके पर शिवा प्रधान, खिलेश्वर साहू, खोमनलाल साहू, गणेश प्रसाद साहू, देवनाथ साहू, गजानंद साहू, महेश साहू, उत्तम साहू, ट्रैफिक जवान मोहनी साहू, शमीना अंजुम, कनक शाह, वीणा देवांगन, भारती साहू, रितु प्रधान, भावना मरकाम, लक्ष्मी सोनी, देवश्री, रूबी कुर्रे, भारती सोनी शामिल रहे।

# पौधरोपण कर पीएम मोदी के पर्यावरण संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाएं : प्रीतेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा द्वारा राष्ट्रीय आह्वान एवं प्रदेश संगठन के नेतृत्व में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने अपनी संगठनात्मक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पौधे लगाना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी एवं नैतिक धर्म भी है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के इस अभियान से जुड़ना चाहिए।



प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम का दिया गया संदेश हरित क्रांति को नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# कठौली तालाब पार में लगाए गए पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

कोष्टापारा एवं जालमपुर वार्डवासियों द्वारा कठौली तालाब पार में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठजन अजीत साहू, नील पटेल, श्रीमती संगीता जगताप, श्रीमती चंद्रकला पटेल, श्रीमती रुक्मणि सोनकर व पार्षदद्वय संजय देवांगन एवं संतोष सोनकर की उपस्थिति रही।









